अमर उजाला 05/04/2026

जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राचार्य व छात्र। प्रवक्ता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में जागरूकता और तकनीकी ज्ञान पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के एसडीजी क्लब, इको क्लब और एनएसएस इकाइयों ने समाजशास्त्र विभाग के साथ मिलकर वाक फॉर वाटर आयोजित किया। इस दौरान छात्रों ने सिर पर पारंपरिक मटके रखकर पदयात्रा निकाली और आमजन को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने जल संकट को वैश्विक चुनौती बताते हुए सभी को जल बचाने का संकल्प दिलाया। इसी कड़ी में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा एआई एप डेवलपमेंट पर एक्सपर्ट लेक्चर भी हुआ। डुप्लेक्स आईटी सॉल्यूशंस के एमडी अमितोज सिंह और सीटीओ गगनदीप सिंह ने छात्रों को आरएजी जैसी अत्याधुनिक तकनीक और एआई के व्यावहारिक उपयोग की बारीकियां सिखाईं। डॉ. प्रबलीन कौर व अन्य स्टाफ सदस्यों ने विशेषज्ञों का स्वागत किया। संवाद